प्रेषक

मिशन निदेशक
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
उ0प्र0, लखनऊ।

सेवा में

मुख्य चिकित्साधिकारी
जनपद–एटा ।

पत्रांकः एस0पी0एम0यू0 / एन0एच0एम0 / सहयोगात्मक पर्यवेक्षण / 2019–20 / 9222 दिनांक 06.02.2020

विषयः राज्य स्तरीय टीम द्वारा माह जनवरी 2020 में किये गये पर्यवेक्षण की आख्या पर कार्यवाही किये जाने के संबंध मे।

महोदय,

अवगत कराना है कि दिनांक 21.01.2020 से 22.01.2020 को राज्य स्तरीय टीम के द्वारा जनपद एटा के चिकित्सकीय इकाईयों का स्थलीय पर्यवेक्षण किया गया। स्थलीय पर्यवेक्षण के आधार पर भ्रमण रिपोर्ट पत्र के साथ संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु आपको प्रेषित की जा रही है।

अतः आपसे अनुरोध है कि सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के दौरान दृष्टिगत बिन्दुओं को संज्ञान में लेते हुये अपने जनपद की समस्त चिकित्सा इकाईयों पर उनका निराकरण कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

संलग्नक–पर्यवेक्षण आख्या।

भवदीय

(विजय विश्वास पन्त)
मिशन निदेशक

पत्रांकः एस0पी0एम0यू0 / एन0एच0एम0 / सहयोगात्मक पर्यवेक्षण / 2019–20 / 9222-5 तद्दिनांक

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित –

1. जिलाधिकारी, जनपद एटा।
2. मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अलीगढ़ मण्डल को इस आशय से प्रेषित कि सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के दौरान चिकित्सा इकाईयों पर पायी गयी कमियों का निराकरण 15 दिनों में करवाना सुनिश्चित करें।
3. समस्त महाप्रबन्धक, अधिशासी अभियन्ता, अनुभागाध्यक्ष एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0 उ0प्र0।
4. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, एन0एच0एम0, अलीगढ़ मण्डल।
5. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, जनपद एटा को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(विजय विश्वास पन्त)
मिशन निदेशक

सहयोगात्मक पर्यवेक्षण

जनपद– एटा

दिनांक – 21.01.2020 से 22.01.2020

पर्यवेक्षक–

- **अरूणेश तिवारी, परामर्शदाता, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, लखनऊ।**
- **विपिन कुमार श्रीवास्तव, कार्यक्रम सहायक, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, लखनऊ।**

अवगत कराना है कि उपरोक्त पर्यवेक्षकों द्वारा दिनांक 21.01.2020 से 22.01.2020 तक जनपद एटा के निम्नांकित चिकित्सा इकाइयों/सामुदायिक स्तर कार्यक्रमों का पर्यवेक्षण किया गया–

✓ दिनांक 21.01.2020 को जिला कार्यक्रम प्रबन्धक एवं जिला कम्यूनिटी प्रोसेस प्रबन्धक के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निधौली कला, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर बावसा एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नगला गलुआं (बसुन्धरा) का पर्यवेक्षण किया गया।

✓ दिनांक 22.01.2020 को डी0आई0ई0सी0 प्रबन्धक के साथ ब्लाक शीतलपुर में आंगनवाड़ी केन्द्र ककैरा एवं प्राथमिक विद्यालय नगला लक्ष्मन में आर0बी0एस0के0 टीम का पर्यवेक्षण किया गया।

✓ दिनांक 22.01.2020 को जिला महिला चिकित्सालय (एफ0आर0यू0) एवं महिला चिकित्सालय परिसर में निर्माणाधीन 100 शैय्या एम0सी0एच0 विंग का पर्यवेक्षण किया गया।

दिनांक	Major Findings from the Visit Site	Intervention/ Activities Identified	Level of Intervention
प्रथम दिवस 21.01.20	**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, निधौली कला** • इकाई पर 02 चिकित्साधिकारी, 01 फार्मासिस्ट, 02 स्टाफ नर्स, 01 लैब टेक्निशियन एवं 02 ए0एन0एम0 नियुक्त है। दोनों स्टाफ नर्स एस0बी0ए0 प्रशिक्षित हैं। • इकाई के अन्तर्गत कुल 04 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं 24 उपकेन्द्र आते हैं। जिसके सापेक्ष 01 पी0एच0सी0 एवं 01 उपकेन्द्र पर प्रसव सुविधा उपलब्ध है। • Bio metric machine नहीं लगी है। • दिसम्बर माह में कुल 81 सामान्य प्रसव कराये गये है। • जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत माह अप्रैल से विगत माह तक 90 प्रतिशत बिल भुगतान हो चुका है, शेष के भुगतान की कार्यवाही की जा रही है। • लाभार्थियों को परिवार नियोजन की सेवाएं प्रदान की जा रही थी। कंडोम बाक्स लगा हुआ था। परिवार नियोजन संबंधी पोस्टर लगे थे, जिसमें आशा एवं लाभार्थियों को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि अंकित की गयी थी। • उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं हेतु HRP का रजिस्टर बनाकर अलग से चिन्हिकरण किया जा रहा है। दिसम्बर माह में कुल 01 HRP का चिन्हिकरण किया गया था।	 अधीक्षक द्वारा अवगत कराया गया कि 02 कार्यदिवस में Bio metric machine लगवा दिया जायेगा। अपेक्षा की गयी कि जे0एस0वाई0 का भुगतान शत–प्रतिशत दर्ज करायी जाये। 	मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/ मुख्य चिकित्साधिकारी

	• इकाई पर RBSK की दोनों टीमें उपलब्ध हैं। पर्यवेक्षण हेतु प्रत्येक टीम को गाड़ियां उपलब्ध है। *RBSK टीम की गाडियों के agreement copy नहीं थी। गाडियों का भुगतान GPS के आधार पर नहीं किया जा रहा था। गाडियों पर IEC नहीं लगी थी।* • *ए0एन0सी0 वार्ड, लेबर रूम एवं पी0ए0सी0 वार्ड में प्राटोकाल पोस्टर नहीं लगे थे।* • *Euipment के रख–रखाव/Maitainace हेतु कम्पनी का टोलफ्री नं0 Display नहीं था।* • *इकाई पर जे0एस0एस0के0 के अर्न्तगत लाभार्थियो को दिये जाने वाले भोजन का प्रबन्धन हेतु कैन्टीन की व्यवस्था नहीं थी। पृथक से टेण्डर किया गया था। डाइट रजिस्टर नहीं बनाया गया था।* • *Bio Waste Management हेतु गाडियां उपलब्ध हैं। कलर कोडेट डस्टबिन उपलब्ध कराये गये है।* • *102 एवं 108 एम्बूलेन्स की सेवाएं दी जा रही है। एम्बूलेन्स रजिस्टर अपडेट नहीं पाया गया।* • *इकाई परिसर में पार्किंग के पास खाली पड़े स्थान को उपयोगित करने के लिए स्ट्रेन्थनिंग कार्य हेतु अधीक्षक द्वारा अनुरोध किया गया। इस हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी को पत्र प्रेषित किया जा चुका है।* • लेबर रूम साफ–सुधरा पाया गया। प्रोटोकाल पोस्टर लगे थे। प्राइवेसी के लिए पर्दे लगे थे। बिजली एवं पानी की व्यवस्था थी। इमरजेन्सी ट्रे नियमानुसार नहीं पाये गये। *लेबर रूम रजिस्टर में कहीं–कहीं लाभार्थियों के डिस्जार्च किये जाने की दिनांक एवं समय अंकित नहीं किया जा रहा था।*	अपेक्षा की गयी कि *RBSK टीम की गाडियों का भुगतान GPS के आधार पर किया जाये।* प्रोटोकाल पोस्टर लगवाये गये। *Euipment के Maitainace हेतु कम्पनी का टोलफ्री नं0 अधीक्षक को उपलब्ध कराकर, इसे Display कराया गया।* *अधीक्षक को जे0एस0एस0के0 गाइडलाइन उपलब्ध कराते हुये यह अपेक्षा की गयी कि गाइडलाइन में दिये गये प्रारूप के अनुसार रजिस्टर प्रिन्ट कराकर नियमानुसार भरा जाये। साथ ही* प्रत्येक माह अधीक्षक से सत्यापित कराया जाये। *एम्बूलेन्स रजिस्टर को अपडेट करने के निर्देश दिये गये।* मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि सी0एच0सी0 के प्रथम तल पर *स्ट्रेन्थनिंग कार्य कराया जाना उचित रहेगा। मुख्य चिकित्साधिकारी से अनुरोध है कि अपने स्तर से नियमानुसार कार्यवाही करायें।* 	
प्रथम दिवस 21.01.20	**हेल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टर– बावसा** • इकाई पर 01 ए0एन0एम0 एवं 01 सी0एच0ओ0 की नियुक्ति है। • इकाई पर महत्वपूर्ण ड्रग्स उपलब्ध थे। • इकाई पर विद्युत कनेक्शन नहीं हुआ है। पानी की कोई व्यवस्था नहीं थी। • उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं का चिन्हिकरण किया जा रहा है। • आई0ई0सी0 एवं प्रोटोकाल पोस्टर लगे थे। वार्ड में साफ–सफाई पायी गयी। • वर्तमान में किसी प्रकार की जे0एस0वाई0 संबंधी सेवाएं नहीं दी जा रही है। उपस्थित स्टाफ द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व में प्रसव संबंधी सेवाएं दी जा रही थी।	 जिला कार्यक्रम प्रबन्धक द्वारा अवगत कराया गया कि शीघ्र ही विद्युत कनेक्शन करा दिया जायेगा। इकाई पर मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति कराने हेतु निर्देश दिये गये ताकि प्रसव संबंधी सेवाएं पुनः प्रदान की जा सके।	प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक/ मुख्य चिकित्सा अधीक्षक

प्रथम दिवस 21.01.20	<u>प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र– नगला गलुआं (बसुन्धरा)</u> • इकाई पर 01 चिकित्सक, 1 स्टाफ नर्स, 1 फार्मासिस्ट की नियुक्ति है। 1 ए0एन0एम0 का पद स्वीकृत है, परन्तु अभी पद रिक्त है। • *माह में 1 बार टीकाकरण सत्र चलाया जा रहा है।* • *किसी लेब टेक्नीशियन के न होने के कारण इकाई पर किसी प्रकार की जांचे नहीं की जा रही थी।* • *इकाई पर प्राटोकाल पोस्टर नहीं लगे थे।* • *बिजली (पावर बैकअपर) एवं पानी की व्यवस्था नहीं थी।* • इकाई पर महत्वपूर्ण ड्रग्स उपलब्ध थे।	 प्रोटोकाल पोस्टर लगाने हेतु निर्देश दिये गये। पावर बैकअप एवं पानी की व्यवस्था के लिए निर्देश दिये गये।	मुख्य चिकित्सा अधीक्षक
द्वितीय दिवस 22.01.20	*<u>आर0बी0एस0के0 टीम का निरीक्षण आंगनवाडी केन्द्र ककेरा, लालगढ़ी पर किया गया।</u>* • आर0बी0एस0के0 टीम द्वारा आंगवाडी केन्द्र पर बच्चों का चेक–अप किया जा रहा था। टीम में 02 चिकित्सक, 01 आप्टीमेट्रिक्स एवं 01 आंगनवाडी कार्यकत्री उपस्थित थे। • कार्यक्रम का संचालन एक किराये के रूम में किया जा रहा था। रूम बहुत छोटा था। फिर भी सभी प्रोटोकाल पोस्टर लगे थे। • पर्यवेक्षण के समय 4 बच्चे उपस्थित थे। बच्चों का वजन एवं उनकी लम्बाई ली जा रही थी। • आर0बी0एस0के0 की गाडी पर प्राटोकाल पोस्टर नहीं लगा था।	 निर्देशित किया गया सभी आर0बी0एस0के0 की गाडियों पर संबंधित प्राटोकाल पोस्टर लगाये जाये।	डी0ई0आई0सी0 प्रबन्धक
द्वितीय दिवस 22.01.20	<u>आर0बी0एस0के0 टीम का निरीक्षण प्राथमिक विद्यालय नगला लक्ष्मण पर किया गया</u> • टीम में 02 चिकित्सक, 01 आप्टीमेट्रिक्स उपस्थित थे। स्टाफ नर्स मातृत्व अवकाश पर थी। आर0बी0एस0के0 की गाडी पर प्राटोकाल पोस्टर लगा था। • टीम द्वारा बच्चों का चेक–अप किया जा रहा था। बच्चों का वजन एवं उनकी लम्बाई ली जा रही थी। • टीम को महत्वपूर्ण ड्रग्स उपलब्ध थी। • आंगनवाडी स्तर पर कुल 23 बच्चों की स्क्रिनिंग किया गया जिसके सापेक्ष 01 बच्चे को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। इसी क्रम में प्राथमिक विद्यालय स्तर पर कुल 32 बच्चों की स्क्रिनिंग किया गया, जिसके सापेक्ष 01 बच्चे को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। • टीम को रिकार्डों के रख–रखाव के बारे में जानकारी दी गयी।	 टीम को रिकार्डों के रख–रखाव के बारे में जानकारी दी गयी।	
द्वितीय दिवस दिनांक 22.01.20	<u>बी0पी0एम0यू0, ब्लाक शीतलपुर।</u> मण्डलीय लेखा प्रबन्धक द्वारा ब्लाक शीतलपुर में वित्तीय स्थिति का आंकलन किया गया। कुछ मुख्य बिन्दु निम्नवत है– • ब्लाक एलोकेशन प्लान के अनुसार अनुमोदित बजट रू0 157.74 लाख के सापेक्ष माह दिसम्बर 2019 तक रू0 115.06 लाख (73 प्रतिशत) व्यय किया गया है। गत वर्ष के कमिटेड धनराशि का पूर्ण भुगतान होना बताया गया।	चिकित्सा अधीक्षक को वित्तीय नियमानुसार शत–प्रतिशत व्यय किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।	जिला कार्यक्रम प्रबन्धक / प्रभारी चिकित्सक

	• वर्ष 2019–20 में ब्लाक के जे0एस0वाई0 प्रसव 532 के सापेक्ष 445 (83 प्रतिशत) प्रसव का भुगतान किया गया शेष लम्बित 97 जे0एस0वाई0 भुगतान की सूची उपलब्ध नहीं है। • आर0बी0एस0के0 वाहन के भुगतान हेतु दिशानिर्देशानुसार लॉगबुग का जी0पी0एस0 डाटा से मिलान होना चाहिए, परन्तु भुगतान के प्रपत्रों में जी0पी0एस0 डाटा के प्रपत्र नहीं पाये गयें। • आर0बी0एस0के0 एवं सपोर्टिव सुपरविजन के माह दिसम्बर 2019के बिल का भुगतान अभी लंबित है। नयी पहल किट, HBYC,HWC & NIPPI के अन्तर्गत आशा इंसेंटिव का व्यय शून्य है। आशा यूनिफार्म, आशा सम्मेलन का व्यय शून्य है। PEER Educator की ट्रेंनिंग एवं HWC से संबंधित मदों में व्यय शून्य है। • VHNC (44% व्यय) एवं सबसेन्टर (59% व्यय) के अन्टाइड फण्ड में अपेक्षाकृत कम व्यय है।		
द्वितीय दिवस दिनांक 22.01.20	**<u>जिला महिला चिकित्सालय (एफ0आर0यू0), एटा</u>** • इकाई पर मानक के सापेक्ष स्टाफ नर्स की तैनाती कम है। जिस कारण कई राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रभावित होते है। • इकाई पर ओ0टी0 संचालित नहीं है। जिला चिकित्सालय में ओ0टी0 संचालित की जा रही है। • इकाई का अधिकांश वार्ड नवनिर्मित मेडिकल कालेज हेतु ध्वस्तीकरण किये जा चुके हैं अन्य ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया में है। इस कारण प्रसूताओं का डिविजन सीमित वार्डों में किया जाता हैं। • लैब टेक्नीशियन तैनात न होने के कारण एड्स के टेक्नीशियन से कार्य लिया जा रहा हैं। जिससे सिजेरियन प्रसव प्रभावित होते हैं। • रेडियोलाजिस्ट तैनात न होने के कारण प्रसूताओं के जटिल प्रसव के निदान में समस्या आ रही है। • आशा एवं लाभार्थियों द्वारा समय से प्रपत्र जमा न करने के कारण जे0एस0वाई0 के भुगतान मे विलम्ब हो रहा है। • डाइट रजिस्टर, लेबर रूम रजिस्टर, 102 पी0सी0आर0 रजिस्टर अपडेट नहीं पाया गया।	 रिकार्डों को अपडेट करने एवं उनके रख–रखाव के निर्देश दिये गये।	मुख्य चिकित्सा अधीक्षक / मुख्य चिकित्साधिकारी
द्वितीय दिवस दिनांक 22.01.20	**<u>निर्माणाधीन 100 शैय्या एम0सी0एच0 विंग</u>** • जिला महिला चिकित्सालय परिसर में निर्माणाधीन 100 शैय्या एम0सी0एच0 विंग का स्थलीय निरीक्षण किया गया। मौके पर परियोजना के साइट इंजीनियर एवं ठेकेदार उपस्थिति थे। निर्माण कार्य कार्यदायी संस्था एच0एस0सी0सी0 के द्वारा कराया जा रहा है। कार्य की वित्तीय प्रगति रू0 1602.00 लाख है। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार भौतिक प्रगति 90% है।	 बाह्य स्थल विकास का कार्य	कार्यदायी संस्था एच0एस0सी0सी / मुख्य चिकित्साधिकारी

	• फायर फायटिंग, आन्तरिक एवं बाह्य पुट्टी का कार्य, रैम्प का कार्य, लिफ्ट का कार्य पूर्ण है। लिफ्ट पैनल एवं इलेक्ट्रीकल पैनल साइड पर उपलब्ध था। बाह्य स्थल विकास का कार्य लगभग 80% है, शेष कार्य प्रगति पर है। खिडकियो में शीशे लगाने का कार्य अभी शेष है। पेन्टिंग का कार्य प्रगति पर है। बाह्य विद्युत कनेक्शन हेतु अतिरिक्त धनराशि कार्यदायी संस्था को प्रेषित की जा चुकी है। परन्तु वर्तमान में दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के द्वारा ट्रान्सफार्मर मद में पुनः अतिरिक्त धनराशि की मांग की गयी है। जिसका आगणन अपेक्षित है। साइट इंजीनियर द्वारा अवगत कराया गया कि बिना विद्युत कनेक्शन के आगे का निर्माण कार्य कराये जाने में किचिंत समस्याएं आ रही हैं। • प्रथम दृष्टया निर्माण कार्य को देखते हुये ऐसा प्रतीत होता है कि निर्माण कार्य मई 2020 तक पूर्ण होने की संभावना है।	 निर्माण कार्य में पहले ही काफी विलम्ब हो चुका है तथा साइट इंजीनियर से अपेक्षा की गयी कि युद्ध स्तर पर कार्य कराते हुये निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराकर भवन हस्तगत करायें।	

अपर मुख्य चिकित्साधिकारी एवं मुख्य चिकित्साधिकारी से बैठक करके चिकित्सा इकाईयों पर भ्रमण के संबंध में चर्चा की गयी। अनुरोध किया गया कि अपने स्तर से चिकित्सा इकाईयों पर सुधारात्मक कार्यवाही कराने हेतु संबंधित को निर्देशित करने का कष्ट करें।

Vipin 04/02/2020

(विपिन कुमार श्रीवास्तव)
कार्यक्रम सहायक

(अरूणेश तिवारी)
कन्सल्टेन्ट